दिनांक 25 मार्च 2020
स्वच्छ भारत अभियान
स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

आवश्यक सामग्री लेने आने वालों के लिए पर्याप्त दूरी बनाने निगम भिलाई करवा रहा मार्किंग, क्रेता एवं दुकानदार से भी कम से कम 1 मीटर दूरी बनाने की अपील

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत राशन दुकान, मेडिकल दुकान आदि छूट प्राप्त दुकानों में खरीदारी करने आने वाले क्रेता एवं दुकानदार कम से कम 1 मीटर की दूरी बनाकर कतार बद्ध रहेंगे! इसके लिए चूना पेंट अथवा अन्य विधि से दुकानों के सामने मार्किंग की जा रही है एवं छूट प्राप्त दुकानदारों से भी इसी प्रकार की अपील की जाती है कि वह अपने दुकानों के सामने पर्याप्त दूरी बनाए रखें भीड़ बढ़ने न दे! जो भी दुकानदार इस आदेश का पालन नहीं कर सकेंगे उन्हें दुकान संचालन की छूट से समाप्त मानी जाएगी! निगम भिलाई द्वारा किराना दुकानों मे आने वाले खरीदारों को कतार बद्ध करने तथा परस्पर दूरी बनाए रखने के लिए पेंट, चूना एवं अन्य विधि द्वारा मार्किंग की जा रही है ! आमजन से भी अपील है कि कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए सहयोग करें, घर पर ही रहे अत्यावश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकले स्वयं सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रखने में मददगार बने!

जनसंपर्क अधिकारी